कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-12.08.2024

विषय:- थाना लोहता क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न घरों में चोरी करने वाला शातिर चोर थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार तथा एक नफर बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी का एक अदद पीली धातु का लाकेट, एक अदद मोबाइल व चोरी के आभूषण के विक्रय तथा नगदी में से शेष बचे 9040/- रु0 नगद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा 1. मु0अ0सं0 0149/2024 धारा 303(2) BNS बढोत्तरी धारा 317 BNS, 2. मु0अ0सं0 0147/2024 धारा 305 BNS बढोत्तरी धारा 317 BNS व 3. मु0अ0सं0 0132/2024 धारा 331(4)/305 BNS व बढोत्तरी धारा 317 BNS थाना लोहता वाराणसी कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त मनाउर पुत्र इशहाक निवासी ग्राम सत्तियारपुर थाना राजातलाब जनपद वाराणसी को आज दिनांक-12.08.2024 को समय करीब 02.02 बजे दयापुर लक्ष्मणपुर थाना लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया तथा 16 वर्षीय बाल अपचारी को पुलिस अभिराक्षा में लिया गया। दोनों के कब्जे से चोरी की 01 अदद पीली धातु का लाकेट, 01 अदद मोबाइल व चोरी के आभूषण के विक्रय तथा चोरी की नगदी के शेष बचा 9040/- रु0 नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त मनाउर व बाल अपचारी ने पूछताछ में बताये कि हम लोग गाँवो मे जाकर जिन घरों मे दरवाजा नहीं बन्द रहता है, उन घरों मे घुसकर चुपचाप सामान व रुपये चोरी कर लेते हैं। व कभी-कभी मौका पाकर ताला तोड़कर भी चोरी कर लेते हैं। चोरी करने के दौरान कभी-कभी लोग जग जाते हैं। उनसे बच कर भागने मे हम लोगो को चोट भी लग जाती है। मनाउर के बाँये पैर में अस्पताली पट्टी तथा बाल अपचारी के दाहिने पैर में अस्पताली पट्टी बंधी होने का कारण पूछा गया तो बताये कि हम लोगों को गाँव के लोग दौड़ा लिये थे उसी दौरान हम लोग बाईक से गिर गये थे जिससे यह चोट लग गयी थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मनाउर पुत्र इशहाक निवासी ग्राम सत्तियारपुर थाना राजातलाब जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

अभिरक्षा में लिए गये बाल अपचारी की उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- दयापुर लक्ष्मणपुर थाना लोहता वाराणसी से दिनांक 12.08.2024 को समय करीब 02.02 बजे ।

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद पीली धातु का लाकेट

2- 01 अदद मोबाइल

3- चोरी के आभूषण के विक्रय तथा चोरी की नगदी के शेष बचा 9040/- रु0 नगद।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त मनाउर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 0149/2024 धारा 303(2), 317 BNS थाना लोहता कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0147/2024 धारा 305,317 BNS थाना लोहता कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 0132/2024 धारा 331(4),305,317 BNS थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

बाल अपचारी का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0-018/2023 धारा 406/411/413/414/420 भा00दवि0 थाना जंसा कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0-039/2023 धारा 406/411/413/414/420 भा0द0वि0 थाना जंसा कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0-044/2023 धारा 406/411/413/414/420 भा0द0वि0 थाना जंसा कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0-031/2023 धारा 368/394/411/413/414 भा0द0वि0 थाना रोहनियां कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0-084/2023 धारा 406/411/413/414/420 भा0द0वि0 थाना रोहनियां कमि0 वाराणसी।
6. मु0अ0सं0 0149/2024 धारा 303(2), 317 BNS थाना लोहता कमि0 वाराणसी।
7. मु0अ0सं0 0147/2024 धारा 305, 317 BNS थाना लोहता कमि0 वाराणसी।
8.मु0अ0सं0 0132/2024 धारा 331(4),305,317 BNS थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सुमित कुमार पाण्डेय थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 हंसराज पाल थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 बृजेश यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 विजय पाल थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी
थाना-लोहता